## संक्षिप्त खबरें

### ट्रांस जेंडरों ने भी किया चैती छठ

पटना सिटी (प्राकि)। चैती छठ पर आम व्रतियों के साथ ही ट्रांस जेंडरों ने भी व्रत रखा। रानीपुर की रहने वाली मुस्कान और जीतू ने भी छठ व्रत का अनुष्ठान कर रखा था। सभी ढोल-ताशा के साथ गंगा नदी को गए। वहां स्नान कर पूजा-अर्चना किया और व्रत पूरा करने का संकल्प लिया। इसके बाद सभी नाचते-गाते लौटे। इस दौरान मुस्कान ने कहा कि वह पिछले सात साल से चैती छठ कर रही है। वहीं जीतू का कहना था कि वह चैती और कार्तिक मास का दोनों छठ व्रत करते हैं। सदर गली, बाग कालू खां, लोदीकटरा से होकर जाते समय दोनों व्रती और चल रहे नाचते-गाते ट्रांसजेंडर लोगों को अपनी ओर बरबस आकर्षित करते थे।

### व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण

पटना सिटी (प्राकि)। सामाजिक सांस्कृतिक संस्था नई दिशा परिवार के द्वारा चैत्र छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण किया गया। इसमें सूप, साड़ी तथा पूजन सामग्री आदि शामिल था। उपमहापौर रेशमी चंद्रवंशी, चिकित्सक डॉ दिवाकर तेजस्वी, समाजसेवी राजेश बल्लभ, कमलनयन श्रीवास्तव व राजेश राज ने छठ पर्व की महिमा पर प्रकाश डाला। चार दिवसीय महापर्व छठ पर व्रती महिलाएं निर्जला व्रत रख भगवान सूर्य की पूजा-अर्चना करती हैं। यह पर्व साल में दो बार मनाया जाता है। एक कार्तिक माह एवं दूसरा चैत्र माह में। इस अवसर पर रितुराज, मोहित, परितोष, रवींद्र, मनोज गुप्ता, शिपू, कौशल, सपना रानी, प्रिया सोनी, नीतू चंद्रवंशी, संजना आर्य, प्रीतम आदि मौजूद रहे।

### गृहस्वामी से पिस्तौल की नोक पर सोने का चेन छीना

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत रंजन पथ तीन नंबर लेन में बदमाशों ने दिनदहाड़े पानी पीने के बहाने दरवाजा खोलवाकर वृद्ध गृहस्वामी से पिस्तौल की नोक पर सोने का चेन छीन लिया।विरोध करने पर मारपीट करते हुए भाग निकला। घटना गुरुवार को सुबह में घटी।जब गृहस्वामी सुरेन्द्र प्रसाद अपने घर में थे। तभी एक युवक ने दरवाजा खटखटाया।परिसर में बैठे दंपति ने दरवाजा खोला तो युवक ने कहा कि पीने का पानी मिलेगा। पत्नी पानी लाने जैसे ही गई। युवक ने सुरेंद्र प्रसाद के गले से सोने का चेन छीनने लगा। विरोध करने पर मारपीट करते हुए पिस्तौल निकालते हुए भाग निकला। घटना के बाद पुलिस पहुंची छानबीन करना शुरू की। बताया जाता है कि सीसीटीवी में दूसरा युवक बाईक के साथ कुछ ही मोड़ के पास था। थानाध्यक्ष ने बताया की घटना की छानबीन की जा रही है।

### कबाड़ी दुकान में लगी आग

पटना सिटी (प्राकि)। अगम कुआं थाना क्षेत्र के बैरिया बस पड़ाव के पास कबाड़ी दुकान में आग लग गई आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है इस संबंध में सिटी फायर स्टेशन के फायर ऑफिसर दयानंद सिंह ने बताया कि गुरुवार की देर रात आग लगने की सूचना मिली थी मौके पर पांच बड़ी और एक छोटी मिक्सड टेक्नोलॉजी का वहां आग बुझाने के लिए भेजा गया आग लगने के कारण वहां पर अफरैद आफरी की स्थिति मची हुई थी हालांकि पीड़ित की ओर से अब तक लिखित आवेदन नहीं दिया गया है।

### रामनवमी को लेकर श्री जल्ला हनुमान मंदिर में व्यवस्था रहेगी दुरुस्त

पटना सिटी, करीब 400 साल से अधिक प्राचीन बेगमपुर स्थित श्री जल्ला हनुमान मंदिर की व्यवस्था पटना जंक्शन के महावीर मंदिर के अधीन होने से व्यवस्थाओं में खासा सुधार हुआ है। एक अप्रैल, 2023 से यहां के कर्मचारी, सेवक एवं पुजारी के वेतन में भी वृद्धि हुई है और उनके बैंक खातों में निश्चित समय पर राशि चली जाती है। मंदिर में आय-व्यय की पूरी पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए लेखापाल एवं मैनेजर श्री बालाजी की भी नियुक्ति की गई है। तब से श्री जल्ला हनुमान जी की व्यवस्था पटना महावीर मंदिर को सौंपी गई है, सारी व्यवस्थाओं में सुधार हुआ है। मात्र एक साल की अवधि में ही मंदिर की आमदनी करीब एक करोड़ हुई है। इसके पूर्व के ट्रस्टी के द्वारा करीब 50 लाख रुपया बैंक खाता में है। बिहार हिंदू धार्मिक न्यास परिषद को इस बाबत सूचित करते हुए कुल आय का चार प्रतिशत यानी करीब चार लाख भी खाते में जमा कर दी गई है। यह बात संवाददाता सम्मेलन के दौरान शुक्रवार को मंदिर परिसर में न्यास समिति के प्रदीप जैन, आर शेषाद्री और बालाजी ने दी। उन्होंने कहा कि महावीर मंदिर पटना की तर्ज पर श्री जल्ला हनुमान मंदिर से आमद राशि को सामाजिक कार्यों के निष्पादन में भी खर्च किया जाएगा। फिलहाल आदर्श विवाह, बिना दहेज के शादी संपन्न हुई है। इसमें मंदिर प्रबंधन के द्वारा भी सहयोग किया जाता है। साथ ही कहा गया कि रामनवमी के अवसर पर अल सुबह तीन बजे पूजन, भोग व आरती के बाद 3.30 बजे आम भक्तों के दर्शन पूजन के लिए पट खोल दिया जाएगा मध्याह्न करीब 12 जन्मोत्सव का पूजा किया जाएगा।

# मंगल तालाब का कैफेटेरिया बना सिटी डीएसपी-2 का कार्यालय

● मालसलामी, चौक, बाइपास, खाजेकलां व मेहंदीगंज थाना क्षेत्र की जनता कर सकेगी फरियाद

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता








पटना सिटी (आनंद केसरी)। मंगल तालाब के उत्तरी छोर स्थित रहा कैफेटेरिया का अस्तित्व अब समाप्त हो चुका है। अब इसी में सिटी डीएसपी-2 का कार्यालय शुक्रवार से काम करना शुरू कर दिया है। यहां पांच थाना क्षेत्र की जनता अपनी शिकायत और फरियाद को लेकर डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार से मिलकर अपनी बात रख सकेगी। दरअसल पटना सिटी अनुमंडल के शहरी क्षेत्र के तहत आने वाले दस थाना का एक आरक्षी उपाधीक्षक हुआ करते थे। मगर इसे भी दो भागों में बांट दिया गया है। अगमकुआं थाना, बहादुरपुर थाना, मुसल्लहपुर थाना, सुलतानगंज थाना और आलमगंज थाना क्षेत्र की जनता पुरानी सिटीकोर्ट स्थित अनुमंडल कार्यालय परिसर में स्थित डीएसपी कार्यालय में जाकर फरियाद कर सकेंगी। वहीं मंगल तालाब के उत्तरी छोर में स्व पन्नालाल यादव मुक्ताकाश मंच के सटे पश्चिम कैफेटेरिया में अब डीएसपी-2 का कार्यालय काम करना शुरू कर दिया है। इसके तहत मालसलामी थाना, चौक थाना, बाइपास थाना, खाजेकलां थाना व मेहंदीगंज थाना जुड़ा है। इन सभी थाना क्षेत्र की जनता अपनी शिकायत या फरियाद लेकर डीएसपी-2 कार्यालय में अपना आवेदन दे सकते हैं या फिर अपनी बात भी कह सकते हैं। डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार ने बताया कि वह प्रतिदिन मध्याह्न 12 बजे से अपराह्न दो बजे तक जनता से उनकी फरियाद सुनने का काम करेंगे। यदि इस अवधि में कोई विभागीय मीटिंग या विधि-व्यवस्था की समस्या होती है, तो इसके पहले या बाद में भी लोग आकर मिल सकते हैं। गेट से प्रवेश करने के बाद ठीक सामने थोड़ा पैसेज खुला है। इसमें प्रवेश करने के बाद एक छोटा खुला हाल है, जिसमें कर्मी कागजातों का निष्पादन करते हैं। बाएं तरफ रीडर और अन्य कर्मी बैठते हैं, जबकि हॉल के ठीक सामने डीएसपी-2 का चैंबर है। डीएसपी-2 डॉ गौरव का कहना है कि कोई भी जनता अपनी फरियाद को लेकर उनसे बेहिचक मिल सकती है। साथ ही अपने क्षेत्राधिकार के तहत आने वाले थाना क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों, असामाजिक, शरारती तत्वों, लहरिया कट और तेज गति में वाहन चलाने वालों, अवैध रूप से शराब बिक्री और भंडारण करने वालों, जुआ, गेसिंग खेलने व खेलाने वालों, नकली सामान आदि के कारोबार करने वालों को उन्होंने चेतावनी दी है कि वह सतर्क हो जाएं। साथ ही इन पांच थाना क्षेत्र की जनता से डीएसपी-2 डॉ गौरव ने अपील की है कि वह कोई भी ऐसी सूचना उन्हें दें, जो समाज के लिए गलत है, उनका नाम और पहचान की गोपनीयता रखी जाएगी और पुलिस निश्चित तौर पर मिली सूचना पर काम करते हुए कार्रवाई करेगी।

### अवैध कारोबारियों में मची खलबली

पटना सिटी (प्राकि)। मंगल तालाब के उत्तरी छोर में डीएसपी-2 का कार्यालय काम करने के बाद इसके आसपास के क्षेत्र में अवैध व गलत काम करने वालों के बीच खलबली मची हुई है। दरअसल मंगल तालाब के चारों ओर रात में नशेड़ियों, स्मैकरों का जमावड़ा रहता है। तालाब के दूसरे छोर यानी दक्षिण की ओर सिटी स्कूल के मैदान में भी नशाखोरों व जुआरियों का जमघट लगा रहता है। वहीं तालाब के चारों ओर स्टंट करने वाले बाइकर्स और तेज गति में वाहन चलाने वालों का डर सुबह-शाम मंगल तालाब के चारों ओर टहलने वालों को डर सताता रहता है। यही नहीं, बगल में रहे स्लम एरिया, बाग मालू खां, आरपीएम कॉलेज रोड, लोदीकटरा, मच्छरहट्टा गली, लोदीकटरा, हरनाहा टोला जैसे एरिया में अवैध और गलत काम करने वालों से लेकर असामाजिक और शरारती तत्वों के बीच भय पैदा हो गया है। मंगल तालाब परिसर के अंदर अनेक आपराधिक घटनाएं मसलन हत्या, लूट, छिनतोरी आदि की घटनाएं भी हो चुकी हैं। अब ऐसे लोगों को शायद डीएसपी-2 का कार्यालय खुल जाने के बाद डर सताएगा। कारण कि पांच थाना क्षेत्र के थानाध्यक्ष से लेकर वहां पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी, हवलदार से लेकर आरक्षी और गृह रक्षक का भी यहां आना-जाना लगा रहेगा। साथ ही इन सभी थाना के थानाध्यक्ष और पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक भी हुआ करेगी। ऐसे में जाहिर सी बात है कि मंगल तालाब के चारों ओर किसी न किसी रूप में पुलिस की गतिविधियां जारी रहेंगी। ऐसे में सुबह-शाम मंगल तालाब टहलने आने वाले लोगों और शाम के अंधेरे से लेकर अल सुबह सूर्योदय होने के बीच कोई भी इधर से गुजरना चाहते हैं, तो उन्हें परेशानी नहीं हो सकती है। मंगल तालाब के चारों ओर की बात करें तो उत्तरी गेट की ओर पन्ना लाल यादव मुक्ताकाश मंच, स्लम एरिया, निजी सामुदायिक भवन, प्राइवेट स्कूल, रेडक्रॉस सोसाइटी पटना सिटी शाखा का बन रहा ब्लड बैंक भवन, रामदेव महतो सामुदायिक भवन व घसीटा राम एसी ऑडिटोरियम का पिछला गेट, पाटलिपुत्र परिषद खेल परिषद, बिहार हितैषी पुस्तकालय, मंगल तालाब विद्युत कार्यालय व सब-स्टेशन, पटना सिटी बालक उच्च विद्यालय, रामेश्वर दास पन्नालाल महिला महाविद्यालय, पटना क्षेत्रीय विकास प्राधिकार के द्वारा जानवर शेड, धोबी घाट, दो मध्य विद्यालय, उर्दू पुस्तकालय, खानकाहे एमादिया, आरएसएस का कार्यालय आदि है।

# सैदपुर-पहाड़ी नाला से सिल्ट निकाल उठाना भुला नगर निगम



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

● कचरे के ढेर से उड़ रहे धूलकण से लोग परेशान, वाहन गुजरना मुश्किल

सैदपुर-पहाड़ी नाला में से सिल्ट या कचरा निकाल कर पटना नगर निगम के अजीमाबाद अंचल के वार्ड 54 के अरफाबाद कॉलोनी पुल से शनिचरा पुल तक नहर के किनारे सड़क पर छोड़ दिया गया है। गंदगी का पहाड़ बना कर पिछले एक सप्ताह से छोड़ दिया गया है। कीचड़नुमा कचरा यासल्ट के सुख जाने के बाद भी उसे उठाया नहीं जा रहा है। उसी सिल्ट के ढेर से पर सैंकड़ों वाहन प्रतिदिन होकर गुजर रहा है, तो सुख चुका कीचड़ धूल बन कर हवा में उड़ रहा है। यह नहर के आसपास के वातावरण को प्रदूषित कर रहा है। चाहे तो प्रदूषण विभाग इसकी जांच भी कर सकता। जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष सह पूर्व निगम पार्षद प्रदीप मेहता, सलमान अख्तर, सीपीआई के नेता आफताब आलम, उमेश पंडित एवं मोर्चा के प्रवक्ता डॉ एकबाल अहमद ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर कहा कि पटना नगर निगम के निगमायुक्त से ईद से पहले नहर के किनारे सड़क पर पड़े सिल्ट को उठाने के लिए निवेदन किया गया था, लेकिन निगम प्रतिदिन दो-चार गाड़ी सिल्ट उठा कर खानापूर्ति कर रहा है। श्री मेहता ने कहा कि निगम पदाधिकारियों की मिलीभगत से सिल्ट को बेचने के लिए पहले ग्राहक खोजा जाता है और सिल्ट को हजार रुपए प्रति ट्रैक्टर और प्रति हाइवा चार हजार में बेचने के चक्कर में सड़क किनारे से सिल्ट नहीं उठाया गया है। मोर्चा के अध्यक्ष प्रदीप मेहता ने कहा है कि निगम ईद से पहले तो सिल्ट नहीं उठा पाया, लेकिन आज से चैती छठ महापर्व शुरू हो गया फिर रामनवमी और खासकर कॉलोनियों में बसे हैं, उन लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं। यदि शर्ट को जल्द नहीं उठाकर डिस्पोजल किया गया, तो मोर्चा स्थानीय लोगों की मदद से आंदोलन को मजबूर होगा।

# गुरुद्वारा गुरु का बाग से पंज प्यारों की अगुवाई में निकला नगर कीर्तन

## मुख्य समारोह तख्त साहिब हुआ कथा, कीर्तन व अरदास





पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

खालसा पंथ की साजना दिवस पर गुरु के बाग स्थित गुरुद्वारा में शुक्रवार को धार्मिक आयोजन हुआ। यहां विशेष दीवान सजा। इसके पूर्व दो दिनों से चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ की समाप्ति हुई। विशेष दीवान में रागी जत्था में भाई जोगिंदर सिंह, भाई दिनेश सिंह, आलमबाग लखनऊ, पटियाला से आए भाई कंवलप्रीत सिंह व लखविंदर सिंह व होशियारपुर के भाई अवतार सिंह ने शबद कीर्तन पेश किया। कथावाचक ज्ञानी गगन दीप सिंह ने कथा कही। इसके बाद जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह के अरदास व हुकुमनामा के साथ विशेष दीवान की समाप्ति हुई। गुरु का अटूट लंगर चला। आयोजन में अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी भाई दिलीप सिंह तक श्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सचिव हरबंस सिंह महेंद्र पाल से ढीला हरपाल सिंह जोहल अधीक्षक दलजीत सिंह प्रबंधक हरजीत सिंह के अलावा त्रिलोक सिंह तेजेंद्र सिंह बंटी प्रेम सिंह नवराज सिंह हैप्पी बलराम सिंह इंद्रजीत सिंह बग्गा आदि मौजूद थे।

इसके बाद नगर कीर्तन निकाला गया। पंच प्यारे और झूलते निशान साहिब के साथ नगर कीर्तन निकाला गया। इसमें सजे पालकी साहिब पर गुरु ग्रंथ साहिब की सवारी चल रही थी। आकर्षक बैंड बाजों से सजे नगर कीर्तन में स्कूली बच्चों के मार्च पास्ट और कीर्तन करती महिलाओं और पुरुषों की टोली शामिल थी। पंज प्यारों के आगे महिला व पुरुषों की टोली राग की सफाई व पानी का छिड़काव व पुष्प वर्षा कर रहे थे। नगर कीर्तन मालसलामी, पूरब दरवाजा, हाजीगंज से होता तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब पहुंच समाप्त हुआ।

रास्ते में जगह-जगह पंचवरों और श्री गुरु ग्रंथ साहिब पर पुष्प वर्षा कर आरती उतारी गई। नगर कीर्तन के तख्त साहिब पहुंचने के बाद पंज प्यारों का स्वागत माला पहना कर किया गया। तख्तश्री के दरबार साहिब में विशेष दीवान का आयोजन किया गया। इसमें रहिरास साहिब का पाठ, आरती, अरदास व हुकुमनामा के साथ सोदर कीर्तन भाई भाई नविंदर सिंह और कथा ज्ञानी दलजीत सिंह ने कही। इससे पहले तख्त साहिब में सुबह की दीवान में सुबह की दीवान आशा दी वार से भाई ज्ञान सिंह ने की। इसके बाद भाई हरभजन सिंह ने कीर्तन और कथा ज्ञानी सुखदेव सिंह ने कही। इसकी सेवा वरीय मीत ग्रंथी ज्ञानी भाई परशुराम सिंह, अमरजीत सिंह व जसबंत सिंह ने की। शनिवार को अखंड पाठ की समाप्ति के साथ खालसा साजना दिवस का मुख्य समारोह तख्त साहिब में मनाया जाएगा। इधर गुरुद्वारा बाललीला में बाबा गुरविंदर सिंह की देखरेख में श्री गुरु ग्रंथ साहिब अखंड पाठ चला।

### छठव्रतियों ने किया नहाय-खाय, चैती छठ की हुई शुरूआत



फतुहा। शुक्रवार को चैती छठ महापर्व का नहाय खाय के साथ शुरूआत हुई। छठ व्रती गंगाजल लेने के लिए घाट पर पहुंचे। शनिवार को खरना है। इस दिन चैती छठ करने वाले व्रती गंगा नदी में स्नान कर गंगाजल ले जाकर घर पर छठ मैया का प्रसाद तैयार करते हैं। रविवार को अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य दिया जाएगा। सोमवार को उदयीमान भगवान भास्कर को दूसरा अर्घ्य देकर महापर्व का समापन होगा। कल 36 घंटे का निर्जला व्रत खरना से शुरू होगा। आचार्य पंकज बाबा ने बताया कि पंचांग के अनुसार चैती छठ का पर्व 12 अप्रैल से 15 अप्रैल के बीच मनाया जाएगा। जिसकी शुरूआत नहाए खाए के साथ शुरू हो गई है। नहाए खाए के दिन चावल, दाल, कद्दू का सब्जी का बड़ा विशेष महत्व है। शुद्धता के साथ इस प्रसाद को तैयार किया जाता है। व्रती के साथ-साथ पूरा परिवार प्रसाद के रूप में इसे ग्रहण करते हैं और यहां से 36 घंटे का निर्जला व्रत का आरंभ होता है। वहीं छठ के मधुर लोकगीतों से वातावरण छठमय हो गया है।

# चैती छठ का अनुष्ठान नहाय-खाय से हुआ शुरू

## भगवती व हनुमत मंदिरों में पूजा-अर्चना करने की होड़







पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

चैती छठ का अनुष्ठान शुक्रवार को संकल्प व्रत नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। सुबह से ही भारतीयों के कदम गंगा के विभिन्न घाटों की ओर बढ़ चले थे घर पर या फिर घाट किनारे भारतीयों ने हाथ पैर का नाखून कटवा और पर रंगवा कर शरीर की शुद्धि की इसके बाद गंगा नदी में डुबकी लगाकर सूर्य भगवान की आराधना की गंगा मैया का भी की भी पूजा अर्चना की गई सूर्य भगवान से चार दिनों के व्रत का संकल्प को पूरा करने की शक्ति और भक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इसके बाद व्रतियों ने बने कच्ची भोजन को ग्रहण कर व्रत का संकल्प लिया। शनिवार को व्रती दिन भर निराहार रहने के बाद शाम को खीर व रोटी का भोग लगा खरना का अनुष्ठान पूरा करेंगी। इसके बाद 36 घंटे का निराहार व्रत आरंभ हो जाएगा। रविवार को व्रतियों द्वारा डूबते सूर्य को अर्घ्य और सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ त्योहार का समापन हो जाएगा। बासंतिक नवरात्र में भक्तों ने देवी के चौथे स्वरूप भगवती कूष्मांडा की पूजा-अर्चना कर उपासना की। इसे लेकर खासकर शक्तिपीठ स्थल श्री बड़ी पटन देवी श्री छोटी पटन देवी एवं अगम कुआं स्थित श्री शीतला माता मंदिर में श्रद्धालुओं के पूजा अर्चना और दर्शन करने की भीड़ देखी गई। नवरात्रि को ले शक्तिपीठ बड़ी पटन देवी में महंत विजय शंकर गिरि, विकास गिरी, छोटी पटनदेवी में आचार्य अनंत अभिषेक द्विवेदी व विवेक द्विवेदी, गड़हा पटनदेवी, सर्वमंगला देवी मंदिर गुलजारबाग, अगमकुआं स्थित शीतला माता मंदिर में जय प्रकाश पुजारी, अमरनाथ बबलू, पंकज पुजारी,छोटू पुजारी व सुनील पुजारी, नीम घाट स्थित प्राचीन काली मंदिर में मुन्ना बाबा और दीरापर स्थित काली मंदिर मंदिर आचार्य शशिकांत मिश्रा की देखरेख में भगवती की पूजा-अर्चना का अनुष्ठान चल रहा है। पीताम्बरा मंदिर गुड़ की मंडी समेत अन्य देवी मंदिरों में पूजा अर्चना हुई। हनुमान मंदिरों में भी धार्मिक अनुष्ठान चल रहा है। यहां श्री रामचरित मानस और सुंदर कांड का पाठ चल रहा है। खासकर बेगमपुर स्थित श्री जल्ला हनुमान मंदिर, मच्छरहट्टा गली स्थित श्री काले हनुमान मंदिर, श्री संकट मोचन हनुमत मंदिर सहित हनुमत मंदिरों में भी धार्मिक अनुष्ठान चल रहा है।

# पांच तख्त के जत्थेदार साहिब की मीटिंग में गुरदयाल सिंह के भाग लेने पर आपत्ति



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

श्री अकाल तख्त साहिब अमृतसर में नौ अप्रैल को पांच प्रमुख तख्त साहिब के जत्थेदार सिंह साहिबों की बैठक बुलाई गई थी। इसमें पंथ से जुड़े प्रमुख मसलों पर निर्णय लिया जाना था। तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब से भाग लेने के लिए जत्थेदार सिंह साहिब ज्ञानी बलदेव सिंह के बजाए एडिशनल हेड ग्रंथी गुरदयाल सिंह को भेजा गया। इसे लेकर अमृतसर में विवाद पैदा हो गया। दरअसल 6 दिसंबर, 2022 को श्री अकाल तख्त साहिब की फसल से तब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने फैसला सुनाया था। इसमें तख्तश्री पटना साहिब कमेटी के प्रबंधन के माहौल को बिगाड़ने में ग्रंथी गुरदयाल सिंह को मुख्य साजिशकर्ता करार दिया गया था। साथ ही उन्हें पंज प्यारों से हटा कर तख्तश्री पटना साहिब से अन्यत्र ड्यूटी लगाने का आदेश दिया गया था। हालांकि इस आदेश के करीब एक माह के बाद प्रबंधक कमेटी के दबाव और चेतावनी के बाद गुरदयाल सिंह श्री शीतल कुंड गुरुद्वारा, राजगीर में जाकर सेवा संभाले। मगर इसके ठीक एक माह बाद ही अधीक्षक दलजीत सिंह के द्वारा एक पत्र जारी किया गया, जिसमें ग्रंथी गुरदयाल सिंह को अध्यक्ष जगजोत सिंह के निर्देश पर तख्तश्री पटना साहिब में सेवा देने की बात कही गई थी। हालांकि इस पत्र के जारी होने के बाद विवाद पैदा हो गया और श्री अकाल तख्त साहिब के सचिवालय से हस्तक्षेप के बाद उस आदेश को रद्द कर दिया गया। मगर इसके कुछ दिनों के बाद ही अध्यक्ष जगजोत सिंह के द्वारा एक पत्र जारी किया गया, जिसमें गुरदयाल सिंह को तख्तश्री पटना साहिब में सेवा देने और जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह को रिपोर्ट कर सेवा करने की बात कही गई थी। यही नहीं, अध्यक्ष के द्वारा जारी पत्र में गुरदयाल सिंह को ईनाम भी मिला। जहां वह पहले पंज प्यारों में ग्रंथी के रूप में शामिल थे, वहीं उन्हें एडिशनल हेड ग्रंथी बना दिया गया। यही नहीं, श्री अकाल तख्त साहिब में जब भी पांच तख्त साहिब के जत्थेदार सिंह साहिबों की बैठक विभिन्न मसले को लेकर निर्णय लिए जाने को बुलाया जाता रहा, तब एक-दो बार को छोड़कर हमेशा एडिशनल हेड ग्रंथी गुरदयाल सिंह ही वहां जाते रहे हैं। नौ अप्रैल, 24 को भी वह श्री अमृतसर के श्री अकाल तख्त साहिब में होने वाली बैठक में उन्होंने भाग लिया। दरअसल बैठक की समाप्ति के बाद जब गुरदयाल सिंह से इस संबंध में वहां के मीडिया से बात की गई, तो उन्होंने कोई जवाब देने से इनकार करते हुए कहा कि इस मामले में श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार और तख्तश्री पटना साहिब के जत्थेदार एवं तख्तश्री कमेटी के प्रधान ही इस मामले में जवाब दे सकते हैं। इस बारे में वह कुछ भी नहीं कहेंगे। लोगों के बीच इस बात को लेकर गुस्सा था कि जिसे श्री अकाल तख्त साहिब के तत्कालीन जत्थेदार ने दिए गए फैसले में साजिशकर्ता करार देते हुए पंज प्यारों से हटा कर अन्यत्र सेवा देने का आदेश जारी किया। इस व्यक्ति को एडिशनल हेड ग्रंथी पद से पुरस्कृत किया गया। साथ ही ऐसे को पंथ के मामले में लिए जाने वाले फैसले में शामिल करना कहीं से न्यायसंगत नहीं है। अब एक बार फिर से ज्ञानी गुरदयाल सिंह का मामला सुर्खियों में आ गया है। अब देखना है कि इस मामले को लेकर श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार, तख्तश्री पटना साहिब के जत्थेदार और तख्तश्री पटना साहिब की कमेटी के अध्यक्ष और महासचिव क्या निर्णय लेते हैं। इधर सेवादार कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष बलराम सिंह ने कहा कि गुरदयाल सिंह को अकाल तख्त साहेब से षड्यंत्र रचने का आरोप है और उसे तख्त साहिब से बाहर ड्यूटी लगाई गई थी। लेकीन न जाने कैसे गुरदयाल तख्त साहेब में वापस आ गया और एडिशनल हेड ग्रंथी भी बन गया। लेकीन इसकी खुराफाती अभी भी नहीं गया है। तख्तश्री प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों से आग्रह है कि इस षड्यंकारी को तख्त श्री पटना साहिब से बाहर सेवा में भेजी जाए।

### छात्रा के साथ हुई दुर्व्यवहार मामले में अभी तक कार्रवाई नहीं की गई

दानापुर। नगर के पिछले साल शाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हेतनपुर में एक नाबालिग छात्रा के साथ हुई दुर्व्यवहार मामले में अभी तक कारवाई नहीं की गई। आरोपित द्वारा केस उठाने को लेकर धमकी और मारपीट करने की बात भी सामने आई है।जिससे पीड़िता और उसके परिजन डरे सहमे है। पीड़ित छात्रा की मानें तो उसके साथ चचेरा भाई बिजेंद्र राय ने ही दुष्कर्म किया था। छात्रा की मां ने बताया कि थाना के मुंशी ने छेड़खानी का आरोप लगाते हुए आवेदन लिखवा कर हमसे अंगुठा का निशान लिए थे।बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। केस के अनुसंधानकर्ता भी आरोपी से मिले हुए हैं। पिता ने बताया कि नाबालिग से छेड़खानी या दुष्कर्म मामले में पास्को एक्ट के तहत कार्रवाई होनी चाहिए थी। लेकिन घटना के एक साल बाद भी पीड़िता का ब्यान भी अभी तक नहीं लिया गया है।थानाध्यक्ष मनीष आनंद ने बताया कि हमारे कार्यकाल से पहले का मामला है।वरीय अधिकारी के संज्ञान में है।अपने स्तर से छानबीन कर रहे हैं।आगे जैसा दिशा निर्देश मिलेगा कारवाई की जाएगी। दानापुर। रूपसपुर थाना क्षेत्र के गोला रोड स्थित सफी आलम रोड में दो पड़ोसी के बीच मारपीट हुई।हद तो तब हो गई जब सूचना पाकर पहुंची पुलिस के सामने ही आरोपी अरविंद कुमार और उनके बेटे ने मारपीट किया। बावजूद पुलिस मामले की छानबीन करती रही। पीड़ित राजीव रंजन सिन्हा ने इस संबंध में एक मामला दर्ज कराया है। घटना गुरुवार को घटी। सिन्हा ने बताया कि पिछले चार पांच दिनों से आरोपी अज्ञात लोगों के साथ मारपीट करने के उद्देश्य से आ रहे थे।

# एम्स पटना ने स्वच्छता पखवाड़ा समीक्षा बैठक के लिए संयुक्त सचिव पुष्पेंद्र राजपूत की मेजबानी की

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। एम्स पटना को एक महत्वपूर्ण स्वच्छता पखवाड़ा समीक्षा बैठक के लिए संयुक्त सचिव पुष्पेंद्र राजपूत की मेजबानी करने का सम्मान मिला। सम्मानित अतिथि का संस्थान के प्रमुख डॉ. जी.के.पाल,ने प्रतिष्ठित संकाय सदस्यों और प्रशासनिक कर्मचारियों की एक सभा के बीच गर्मजोशी से स्वागत किया। दिन की शुरूआत माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा सावधानीपूर्वक आयोजित संक्रमण नियंत्रण पर सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) सत्र के उद्घाटन समारोह के साथ हुई। राजपूत एवं डॉ.पाल ने संयुक्त रूप से संक्रमण की रोकथाम के महत्वपूर्ण महत्व पर जोर देते हुए इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सम्मानित उपस्थित लोगों में एचओडी माइक्रोबायोलॉजी डॉ. भास्कर ठाकुरिया, डॉ. बिनोद पति, डॉ. असीम सरफराज, डॉ. प्रत्युषा, डीन एकेडमिक्स डॉ. प्रेम कुमार, एमएस - डॉ.अनूप कुमार , डीन स्टूडेंट्स अफेयर्स डॉ. पूनम प्रसाद भदानी, और डीडीए (एडमिन) श्री नीलोत्पल बल, शामिल थे और सभी ने संक्रमण से निपटने में सामूहिक प्रयास के लिए एकजुटता दिखाई। उद्घाटन के बाद कोर कमेटी की बैठक बुलाई गई, जिसमें डॉ. जी.के. पाल ने एम्स पटना की प्रगति का व्यापक अवलोकन प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त, अस्पताल प्रशासन के एचओडी डॉ. सुजीत कुमार सिन्हा ने हाल की स्वच्छता पखवाड़ा पहल पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. असीम सरफराज ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए स्वच्छता कार्य योजना के खर्चों की रूपरेखा तैयार की। विशेष रूप से, बिहार हेल्थ सोसाइटी के कार्यकारी निदेशक, सुहर्ष भगत ने बैठक की शोभा बढ़ाते हुए राज्य के मेडिकल कॉलेजों और एम्स पटना के बीच सहयोग बढ़ाने की वकालत की। विचार-विमर्श के बाद, श्री राजपूत, डॉ. जी.के. के पाल, एमएस, डीडीए, डीन, ओएसडी, संकाय वित्त, और अन्य सम्मानित गणमान्य व्यक्ति,साथ अस्पताल परिसर, परिसर और छात्रावास क्षेत्रों के व्यापक दौरे पर निकले। इस यात्रा का उद्देश्य एम्स पटना की परिचालन दक्षता और बुनियादी ढांचे के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्रदान करना था। प्रोफेसर और प्रमुख, डॉ. अनिल कुमार द्वारा सावधानीपूर्वक समन्वित इस कार्यक्रम में डॉ. उमेश भदानी, डॉ. त्रिभुवन, डॉ. रुचि सिन्हा, डॉ. अमित राज, डॉ. सुदीप, डॉ. प्रितांजलि,डॉ. माला महतो, डॉ. श्रीकांत भारती, और डॉ. चांदनी सहित विभिन्न संकाय सदस्यों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। डॉ. जी.के. पाल ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए स्वच्छता और गुणवत्तापूर्ण देखभाल पर लगातार ध्यान देने के साथ स्वास्थ्य देखभाल उत्कृष्टता में राष्ट्रीय नेता बनने के लिए एम्स पटना के प्रक्षेप पथ पर विश्वास व्यक्त किया। एम्स पटना एक प्रमुख चिकित्सा संस्थान है, जो अनुकरणीय स्वास्थ्य सेवाएँ, नवीन अनुसंधान और अकादमिक उत्कृष्टता प्रदान करने के लिए समर्पित है। चिकित्सा शिक्षा और रोगी देखभाल के एक प्रतीक के रूप में उभरने की दृष्टि से, एम्स पटना स्वास्थ्य सेवा वितरण और चिकित्सा प्रगति में मानक स्थापित करना जारी रखता है।

# महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने दानापुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों का किया निरीक्षण

प्रात :किरण संवाददाता



हाजीपुर: पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाश द्वारा आज दानापुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों का गहन निरीक्षण किया गया । महाप्रबंधक द्वारा सर्वप्रथम आरा स्टेशन का गहन निरीक्षण किया गया । इस दौरान महाप्रबंधक ने आरा स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया, प्रतीक्षालय, बुकिंग/ रिजर्वेशन काऊन्टर, प्लेटफॉर्म, डिस्प्ले बोर्ड, कैटरिंग स्टॉल, पैदल ऊपरगामी पुल, पैनल रूम सहित यात्री सुविधा/ संरक्षा से जुड़े पहलुओं का जायजा लिया। इसी क्रम में महाप्रबंधक द्वारा बिहिया, रघुनाथपुर एवं बक्सर स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का भी मुआयना किया । तत्पश्चात महाप्रबंधक ने दिलदार नगर जंक्शन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का भी गहन निरीक्षण किया । आज के निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने यात्री सुविधा/संरक्षा के साथ-साथ रेल विकास से जुड़े कार्यों को भी देखा ।

## संक्षिप्त खबरें

### आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा सत्संग भजन संध्या का आयोजन

गया। दुनिया में आध्यात्म के प्रचार-प्रसार में तत्पर आर्ट आफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर के सदस्यों द्वारा डालमिया भवन में शिव अरूण डालमिया के नेतृत्व में सत्संग भजन संध्या का आयोजन किया गया।इस मौके पर शिव अरूण डालमिया ने बताया कि पूर्व में प्रत्येक गुरुवार को सत्संग भजन संध्या का आयोजन किया जाता था लेकिन वैश्विक महामारी कोरोना काल में बंद हो चुका था पुनः आज से शुभारंभ किया गया। मौके पर आर्ट ऑफ लिविंग के लोगों बताया कि आध्यात्मिकता वह है जो प्रेम, करुणा और उत्साह जैसे मानवीय मूल्यों को बढ़ाती है। यह किसी एक धर्म या संस्कृति तक सीमित नहीं है। इसलिए यह सभी लोगों के लिए खुला है।जिसमें बढ़-चढ़कर लोगों ने हिस्सा लिया।

### चोरी के समान के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार

बनकटवा पु च, जितना पुलिस ने शुक्रवार को तीन अपराधी को दो अलग अलग जगह से चोरी के समान के साथ बनकटवा और झंझरा चौक से गिरफ्तार कर लिया गया उक्त अपराधी की पहचान जितना थाना क्षेत्र के नीरज कुमार, विजय कुमार,आदित्य कुमार को बुलेट मोटरसाइकिल,सोने की मंगलसूत्र,सोने की कानबाली,सोने के टॉप्स,चांदी के बिछिया,मोबाईल, सीसी कैमरा का उद्भेदन किया गया।छापेमारी टीम में सिकरहना डीएसपी अशोक कुमार, जितना थाना अध्यक्ष अमित कुमार,पु अ नी विकास आनन्द शामिल थे।

### समाजसेवी व बुद्धिजीवी लोगों ने किया जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन

औरंगाबाद। औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी सांसद सुशील कुमार सिंह को चुनाव में भरपूर सहयोग और समर्थन करने के लिए शहर स्थित विराटपुर में शेख जी चौक पर नगर के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सभी कार्यकर्ता एवं शहरवासी, समाजसेवी, बुद्धिजीवी लोगों ने जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया।इस जनसंवाद कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने बारी- बारी से सांसद के साथ जन संवाद किया और चुनाव में भारी बहुमत से चुनाव जीताने को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा किया।इस मौके पर सांसद ने अल्पसंख्यक समुदाय के मुस्लिम भाइयों को ईद पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी सांसद ने कहा कि जिस तरह से अभी पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आंधी चल रहा है और समाज के हर वर्गों का साथ मिल रहा है उसे यह साफ है कि नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना तय है मोदी की गारंटी पर पूरे देशवासियों को विश्वास है।आप सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि 19 अप्रैल को चुनाव के दिन अपना बहुमूल्य मत कमल छाप क्रमांक संख्या 3 पर देकर विजयी बनाएं और देश को सशक्त और मजबूत बनाने में अपना अहम योगदान दें।इस कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता,लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश चन्द्रा,जिला उपाध्यक्ष सतीश कुमार सिंह,भाजपा नेता सह वार्ड पार्षद अशोक सिंह,नगर अध्यक्ष पिन्टू सिंह,,व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता उर्फ पिन्टू,सरस्वती आराध्य समिति के अध्यक्ष पंकज वर्मा,वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अमित अखोरी,वार्ड पार्षद सिकंदर हयात,छोटू चौधरी,नवीन सिंह,सौरभ कुमार,सचिन कुमार,वार्ड पार्षद रंजय अग्रहरि सहित,हरिओम सिंह,रामानुज पांडेय,अमरेन्द्र पांडेय,मनोज कुमार,वार्ड पार्षद,पूर्व वार्ड पार्षद और शहरवासी लोग उपस्थित रहे।

### मध्य विद्यालय मखरा में दीक्षांत समारोह का आयोजन

औरंगाबाद। बारुण प्रखंड स्थित राजकीय मध्य विद्यालय मखरा एवं नवसृजित प्राथमिक विद्यालय बैरियो विगहा के संयुक्त तत्वावधान में दीक्षांत समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक ज्योति शकर ने किया जबकि संचालन मनोज कुमार सिंह द्वारा किया गया। बच्चों के बीच प्रशस्ति पत्र एवं मेडल का वितरण किया गया। परीक्षा में विशेष सफलता प्राप्त करने वाले बच्चों के बीच पारितोषिक का भी वितरण किया गया।प्रधानाध्यापक ने संबोधन के क्रम में कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में जिज्ञासा बढ़ती है उनका बौद्धिक विकास होता है एवं वे जीवन में पढ़ाई के प्रति अग्रसर हो जाते हैं। मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष ददन प्रसाद एवं सचिव किरण सिंह की गरिमामई उपस्थिति रही। दीक्षांत समारोह के मौके पर विनोद सिंह, कुंदन किशन,पवन कुमार, गीता कुमारी अमन कुमारी, प्रेमलता कुमारी, ज्योति मौर्या, सादिया,नीतू कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### मशरक में मारपीट में महिला घायल

मशरक (सारण) मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के दक्षिण टोला गांव में बकरी को लेकर मारपीट में महिला घायल हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराई गई। महिला दक्षिण टोला गांव निवासी पतिया देवी उम्र 30 वर्ष पति दशरथ राउत हैं। महिला ने बताया कि पड़ोसी से बकरी को लेकर बकझक हुई जिसमें मारपीट कर घायल कर दिया गया।

# नेपाली लड़की को ले जा रहे मानव तस्कर को एस एस बी नें किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



रक्सौल। बॉर्डर पर तैनात एस एस बी मानव तस्कर रोधी इकाई नें नेपाली लड़की को ले जा रहे मानव तस्कर को गिरफ्तार किया है साथ ही उक्त लड़की को रिस्क्यू किया है।यह कार्य मिशन निर्भया के अंतर्गत मानव तस्करी की रोकथाम करने के अंतर्गत हुआ है। बता दें कि ए एच टी यू के इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा को सूचना मिली कि एस.एस.बी सहायता केंद्र मैत्री ब्रिज से हो कर एक व्यक्ति कुछ नाबालिग लड़कीयों को भारत में ले जाने की तैयारी में है। इसलिए मैत्री पुल पर सतर्कता से ध्यान दिया जाने लगा। इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा के नेतृत्व में चल रही जांच के कुछ देर बाद हवलदार अरविंद द्विवेदी ने संदेह के आधार पर एक व्यक्ति जो एक नेपाली लड़की को साथ ले जा रहा था उसको रोक कर पूछताछ की।व्यक्ति ने बताया कि वह लड़की उसकी पत्नी है।लड़की की मांग में सिंदूर देख कर व्यक्ति की बात सही लगी। लेकिन जब लड़की की काउंसलिंग हुई तो दोनों के बयान में काफी भिन्नता पाई गई। सम्भावित मानव तस्करी मामले को संज्ञान में लेते हुए और भाषा की समस्या को लेकर माइती नेपाल एन.जी.ओ को बुला कर नेपाली लड़की की काउंसलिंग की गई तो लड़की ने बताया कि फोन व सोशल मीडिया के माध्यम से उक्त व्यक्ति ने लड़की से दोस्ती करने की कोशिश की और उसकी दोस्ती में पड़ गयी। मामले की सच्चाई जानने के लिए जब दोनों से अलग अलग गहनता से पूछताछ की गई तो पता चला कि अभियुक्त मोहम्मद मंजूर आलम खान की दूसरी शादी सुनैना नाम की लड़की से तय हो रखी है। जबकि पहली पत्नी निशा से उसने तलाक की बात होने की बात बताई।और जब कुछ कागज या सबूत दिखाने को कहा गया तो वो स्पष्ट उत्तर नहीं दे पाया। पीड़ित लड़की ने बताया कि मोहम्मद मंजूर आलम खान ने मुझसे शादी करने का वादा कर भगा ले जा रहा था और इसको अभियुक्त की पहली पत्नी के तलाक होने और दूसरी शादी तय होने के बारे में कोई भी जानकारी भी नहीं है।जब लड़की के परिवार वालों से फोन द्वारा सम्पर्क किया गया तो उनको इस बारे में कोई भी जानकारी नहीं थी।मौके पर इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा मुख्य आरक्षी सामान्य अरविंद द्विवेदी आरक्षी पम्मी मिश्रा, आरक्षी सबीना खातून, आरक्षी स्वप्ना एस, आरक्षी स्वाति ठाकुर, माइती नेपाल बीरगंज नेपाल से अनिशा गौतम सीता क्षेत्रि आदि मौजूद रहे।

# आशा कार्यकर्ताओं के अधिकारों की लड़ाई एटक के नेतृत्व में लड़ी जाएगी

- एटक के प्रदेश महासचिव कौशलेन्द्र वर्मा नें सरकार को कहा कि प्रचार तंत्र के अलावे सरकार का कहीं ध्यान नहीं

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल।आशा कार्यकताओं की लड़ाई एटक लड़ेगा और इसको लेकर रामगढ़वा के विवाह भवन में भारी संख्या में आशा वर्कर्स की मौजूदगी रही।इसको संबोधित करते हुए एटक के प्रदेश महासचिव कौशलेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि आशा संघ की लीडर आशा वर्कर्स ही होंगी।इनको एटक का समर्थन प्राप्त होगा। इस अवसर पर निर्णय लिया गया कि चुनाव आचार संहिता की समाप्ति होने के तुरंत बाद बिहार सरकार अगर आशा कार्यकताओं की 14 सूत्री मांगों को नहीं मानती है तो विधानसभा का घेराव होने के साथ ही अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। इन्होंने कहा कि आशा वर्कर्स पर ही बिहार सरकार और केंद्र सरकार की सभी स्वास्थ्य सेवाएं टिकी हुई है।और आशा वर्कर्स सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की लाइफ लाइन हैं। आशा कार्यकर्ता अपनी 14 सूत्री मांगों को लेकर सरकार से कई बार मांग कर चुकी हैं लेकिन आज तक इनके साथ सरकार का बेरूखा व्यवहार रहा है। लेकिन अब यह नहीं चलेगा। अब आशा वर्कर्स की लड़ाई को एटक नया धार देगा और उनकी सभी उचित मांगों के सामने सरकार को झुकना ही पड़ेगा। इस मौके पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी नेता राधामोहन सिंह, मुकेश सिंह, ईश्वर प्रसाद, संजीव सिंह, ज्योति पांडेय,इंदु देवी,अनीता देवी, रूबी देवी, प्रतिमा देवी, सरिता देवी, कविता देवी, मुन्नी कुमारी, माजदा खातून जुलेखा खातून सहित भारी संख्या में आशा वर्कर्स मौजूद थी ।

# लोकसभा चुनाव को लेकर पशु टिकाकर्मी ने चलाया अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

सुगौली। प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में आगामी लोकसभा चुनाव की सफलता एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर निजी पशु टिकाकर्मी सह स्वयंसेवक अवधेश कुमार गुप्ता के द्वारा मतदाता जागरूकता का किया गया आयोजन। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर लोगों को जागरूक करते हुए स्वयंसेवक अवधेश कुमार गुप्ता ने कहा कि हार और जीत एक वोट के आधार पर होती हैं। इसलिये मतदान के दिन, सभी लोग पहले मतदान करें फिर जलपान करे तथा अपने बच्चों, रिश्तेदारों को भी मतदान के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि वोट देने जाने के समय बूथ पर सोशल डिस्टेंसिंग पालन करें। उन्होंने कहा कि वोट के समय अक्सर राजनीतिक दल, अपने पक्ष में वोट डालने के लिए मतदाताओं को पैसा, शराब, कपड़ा, भोजन, लड़की की शादी की बात इत्यादि का लालच देकर वोट हासिल करने के लिये लुभाते हैं, आप लोग ऐसे राजनीतिक दल के लोगों से दूरी बनाकर रहे। उन्होंने कहा कि अगर आपको कोई पैसा, शराब, भोजन, लड़की की शादी कराने जैसे बात कहता हैं, वोट अपने पक्ष में डालने के लिए दबाव बनाता है, डराता धमकाता हैं, तो ऐसी स्थिति में तत्काल इसकी सूचना अपने थानाध्यक्ष, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, आंचलाधिकारी, जिलाधिकारी महोदय को दे, क्योंकि जिला प्रशासन हर समय, हर वक्त आपकी मदद के लिए तैयार है। उन्होंने कहा आपका एक एक वोट कीमती है, इसलिए आप सभी लोगों को सही और ईमादार प्रत्याशी को चुनकर वोट देना है। वही लोक अदालत से मिलने वाली लाभ को लेकर कहा कि लोक अदालत कार्यालय के द्वारा समय समय पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है, आप उस राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अपनी सभी सुल्हनिये वादों का निस्तारण आपसी सहमति व सद्भाव से करा सकते हैं, उसमें किसी प्रकार का कोई खर्च नही लगता है। इसके साथ ही उन्होंने स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान हेल्थ कार्ड, किसान सम्मान योजना, बिहार पीड़ित प्रतिकर स्कीम, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, पशुपालन सहित योजनाओं की जानकारी दी।

# लोकसभा चुनाव को लेकर सेक्टर अधिकारियो के साथ एसडीएम ने की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



सुगौलीः लोकसभा चुनाव को लेकर सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्रेयस अनुपम के नेतृत्व में सुगौली स्थित नन्द हाई स्कूल में स्थापित डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर बीडीओ तेजप्रताप त्यागी सीओ कुंदन कुमार रामगढ़वा बीडीओ मो सज्जाद, पीओ अमृतेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। एस डी एम नें सेक्टर अधिकारियो के साथ बैठक कर सेक्टर अधिकारियो को महत्वपूर्ण निर्देश दिया और आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की समीक्षा में सभी मतदान केंद्रों में बिल्डिंग रास्ता और बिजली शौचालय सहित सुविधाओ को फीडबैक लिया। बताया की सभी सेक्टर अधिकारी सभी मतदान केंद्रों का पांच बार से ज्यादा निरीक्षण कर चुके है। आगे इस तरह की मीटिंग कई बार होती रहेंगी। बताया की इस विद्यालय को डिस्पैच सेंटर के रूप में स्थापित किया गया है। इसको साधन सम्पन्न बनाने के लिए डी एम का भी इसके पहले निरीक्षण हो चुका है.मौके पर प्रखंड सांखियिक पदाधिकारी प्रिय रंजन प्रखंड पंचायती पदाधिकारी नाजिश परवीन नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सेक्टर अधिकारी मनोज कुमार सिंह रबिंदर कुमार राव सुमन कुमार साजिद अली नैय्यर श्रीनिवास सिंह गणेश कुमार गोंड अरविंद कुमार सिंह योगेंद्र प्रसाद सुबोध कुमार शशिकांत प्रसाद अर्जुन प्रसाद संजय कुमार सिन्हा जयनारायण प्रसाद भोला प्रसाद सहित कई सेक्टर पदाधिकारी मौजूद थे।

# मेडीवर्स हास्पिटल मे ईद मुबारक कार्यक्रम

गया। ईद के अवसर पर गया के मेडीवर्स हास्पिटल मे ईद मुबारक सभी डा और सभी मरीजों के साथ मनाई गई,डा तेजस्वी नंदन ने कहा कि ईद एक भाई चारे का त्योहार है सभी मेडीवर्स हास्पिटल के सभी मगध एवं गया जिला के सभी लोगों को एवं सभी डा एवं स्टाफ को ईद मुबारक दी गई है। इसके साथ में डा मंजुल विजय ने भी सभी स्टाफ एवं लोगों को भाइचारे का प्रतीक ईद मुबारक दीए है।

# चार दिवसीय चैती छठ व्रत नहाए खाए के साथ शुरू

प्रात : किरण संवाददाता

मोतिहारी। चार दिवसीय चैती छठ व्रत शुक्रवार नहाए खाए के साथ शुरू हो गया। वही व्रत का समापन 15 अप्रैल उगते हुए सूर्य को अर्ग के बाद हो जाएगा। वही चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की खस्टी तिथि को मनाया जाता है। इसमें व्रत करने वाली महिलाएं निर्जला रहकर व्रत को करती है। वही 12 अप्रैल शुक्रवार से नहाए खाए के साथ शुरू होकर 13 अप्रैल शनिवार को खरना, 14 अप्रैल रविवार को संध्या अर्ग और 15 अप्रैल सोमवार को उदयमान सूरज को अर्ग के बाद में समापन हो जाएगा। आस्था का महापर्व छठ पूजा साल में दो बार मनाया जाता है। एक कार्तिक मास में और दूसरा चैत्र मास में। दोनों छठ व्रत का काफी महत्व है। इस व्रत को महिलाएं पूर्ण आस्था एवं स्वच्छता के साथ करती है। छठी माता की कृपा से सारी मुरादे पूर्ण होती हैं। वही छठ व्रति नीतू दुबे ने कहा कि छठ व्रत करने से सारी मुरादे पूर्ण होती है। छठी माता की कृपा से सुख ,शांति, समृद्धि ,निरोग्यता ,यश ,बल ,बुद्धि, विद्या, संतान ,ख्याति की प्राप्ति होती है। मौके पर नितेश्वर दुबे, अशोक तिवारी, रजनी तिवारी, शशांक मणि त्रिपाठी, मनीष त्रिपाठी, कशिश,आकृति,नमन, श्रीयांशी, दिव्यांशी, मिस्टी, सांवी, आर्यवीर, माया देवी, अनीता सिंह के साथ-साथ भक्त मौजूद थे।


# नीरा उत्पादक समूह अंतर्गत नीरा बिक्री केंद्र का हुआ उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

मोतिहारी । चम्पारण जीविका नीरा उत्पादक समूह के अन्तर्गत छतौनी बस स्टैंड के नजदीक, नीरा बिक्री का उद्घाटन जिला परियोजना प्रबंधक- गणेश पासवान एवं मधनिषेध अधीक्षक के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर विषयगत प्रबंधक, एचआर प्रबंधक - सौरभ कुमार, वित्त प्रबंधक - शैलेन्द्र कुमार, सूक्ष्म वित्त प्रबंधक - राजू कुमार, एलएचएम - गौरव कुमार, अनीश चंद्र, एरिया कोऑर्डिनेटर - कुमार गौतम, - नरेश कुमार एवं जीविका दीदी उपस्थित हुए। उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा नीरा में मौजुद खनिज लवण एवं नीरा से होने वाली फायदे के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया। साथ ही सर के द्वारा सेंट्रल बैंक के सीएसपी केंद्र का भी उद्घाटन किया गया।

# रक्सौल के सीरिसिया व रामगढ़वा के बहुअरी में हुई भीषण अगलगी

प्रात : किरण संवाददाता




रक्सौल।रक्सौल प्रखंड क्षेत्र के सिरसिया गांव में गुरुवार की रात्रि भयंकर आग लगने की घटना घटित हुई जिसमें पांच लोगों के घर जलकर राख हो गए। कल रात्रि हवा भी काफी तेज चल रही थी और इसी दौरान यह आग लगने की घटना घटित हुई। इस घटना में ग्रामीण गुगली महतो, जयलाल महतो,इनरमन महतो, रामनाथ साह के घर जलकर राख हुए हैं और इन लोगों की भारी क्षति हुई है। उनके घर में बांधी हुई एक गाय और चार पांच बकरिया भी झुलसकर मर गए हैं।बताया जाता है कि यह घटना चूल्हे की आग के पसरने के कारण हुई है । धीरे-धीरे आग सुलगकर पूरे घर को अपने आगोश में ले लिया और अगल-बगल के पांच लोगों के घर भी इसके प्रभाव में आ गए। ग्रामीणों के द्वारा आग पर काबू पाने का भरपूर प्रयास किया गया।लेकिन हवा की रफ्तार काफी तेज थी और हवा के साथ आग की लपट इतनी तेज थी कि वहां ठहर पाना लोगों के लिए मुश्किल साबित हो रहा था।सूचना मिलने के बाद रामगढ़वा व रक्सौल दोनों जगह से फायर ब्रिगेड की गाड़ी वहां पर पहुंची और फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों के द्वारा आग पर काफी प्रयास के बाद काबू पाया जा सका। रक्सौल अंचलाधिकारी ने बताया कि प्रभावित परिवारों के घर में हुए क्षति का आकलन हल्का कर्मचारी को भेजकर कराया जा रहा है। इसके बाद इनको निर्धारित सरकारी मुआवजा की राशि उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं रामगढ़वा थाना क्षेत्र के बहुअरी पड़ड़िया में भी आग लगी।यहां आग लगने से रामायण कुंवर के बैठका में रखे फर्नीचर की सभी लकड़िया जल कर राख हो गई साथ ही धान रखने वाली बेरी भी जल गई।इस घटना की सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पंहुच कर आग पर काबू पाया। इसकी सूचना रामायण कुंवर नें बताया कि इसकी लिखित सूचना अंचल अधिकारी को दी गई है।इन्होने बताया कि किसी आज्ञात व्यक्ति के द्वारा सिगरेट अथवा बीड़ी पीकर फेक दिया गया होगा। इसी से आग लगने की संभावना बताई जा रही है।

# शहर के मुख्य सड़क के किनारे स्थित जर्जर ताड़ के पेड़ों को सुरक्षित तरीके से हटाया जाना आवश्यक : डॉ. शलभ

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। बीती शाम शहर के कोइरिया टोला वार्ड नंबर 25 में मुख्य सड़क के किनारे स्थित ताड़ के पेड़ के टूटने से एक बड़ा हादसा होते होते बचा। टूटे हुए पेड़ को सुरक्षित तरीके से हटाने के साथ साथ जर्जर हो चुके अन्य सभी ताड़ के पेड़ों को सुरक्षित तरीके से हटाये जाने का आग्रह शिक्षविद डॉ. स्वयंभू शलभ ने नगर परिषद सभापति एवं कार्यपालक पदाधिकारी से की है। डॉ. शलभ ने बताया है कि पूर्व में आईडीबीआई बैंक के समीप भी एक ताड़ का पेड़ जड़ से टूट कर हाई वोल्टेज तार पर गिरा था, जिससे ट्रांसफॉर्मर समेत बिजली का पोल क्षतिग्रस्त हो गया था। नगर परिषद कार्यालय के समीप भी एक ताड़ का पेड़ जड़ से टूटकर मेन रोड पर गिरा था। ऐसी दो चार घटना हर वर्ष घटित होती रहती है। डॉ. शलभ ने आगे बताया कि अभी नहर चौक से हजारीमल हाई स्कूल के बीच ऐसे आधा दर्जन से अधिक पेड़ बचे हैं, जो पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं। कुछ सूखकर ठूंठ बन चुके हैं, जो कभी भी आँधी में सड़क पर या किसी के घर पर गिर सकते हैं। इनके सूखे हुए पत्ते बिजली के तारों पर गिरकर अक्सर पावर ब्रेकडाउन का कारण बनते हैं। आसपास के मकान में रहने वालों के आगे हर समय खतरा मंडराता रहता है। इस विषय को संज्ञान में लेकर शीघ्र आवश्यक कदम उठाया जाना आवश्यक है।



### विशाल गगन के मधुर भजन के साथ शतचंडी महोत्सव का समापन

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद के प्रसिद्ध शक्तिपीठ एवं तीर्थ स्थल सत्यचंडी धाम में आयोजित महोत्सव के दूसरे दिन मशहूर गायक विशाल गगन के उत्कृष्ट प्रस्तुति के साथ समापन हुई । सुबह सवेरे माता सत्यचंडी की षोडशोपचार विधि से पूजन अर्चन की गई ।तत्पश्चात,औरंगाबाद जिले में आयोजित होने वाले विभिन्न महोत्सव के आयोजन कर्ता को सम्मानित किया गया इस क्रम में विष्णु धाम महोत्सव से अजीत कुमार सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, राणा सुनील सीता थापा महोत्सव से गोकुल सिंह,विनय सिंह,देव महोत्सव से जनेश्वर यादव, पंचदेव धाम महोत्सव से संजय कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार सिंह कल्पवृक्ष धाम महोत्सव से अशोक कुमार सिंह, जिला महोत्सव से उज्जवल रंजन लालदेव प्रसाद,डॉ हेरम्ब मिश्रा, उमंगेश्वरी महोत्सव से ललन सिंह अंबे महोत्सव से देवराज राम, कुटुंबा में सामूहिक विवाह कराने वाले वरुण कुमार सिंह को भी सम्मानित किया गया। सभी लोगों को प्रशस्ति पत्र अंग वस्त्र एवं पुष्पहार देकर सम्मानित किया गया। भोजपुरी के मशहूर गायक विशाल गगन की शानदार प्रस्तुति रही उन्होंने माता सत्यचंडी को संपोषित विभिन्न गीत गाए जिन्हें सुनकर दर्शक दीर्घा में बैठे लोग हतप्रभ रह गए।आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने किया जबकि संचालन गायक सूरज कुमार द्वारा किया गया।

### पारा मेडिकल कोर्स के छात्रों के बीच प्रमाण-पत्र वितरित

रक्सौल। स्थानीय शहर के लक्ष्मीपुर स्थित एसीटी पारा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्रांगण में बिहार कौशल विकाश मिशन के तहत हेल्थ विभाग बिहार सरकार द्वारा संचालित पारा मेडिकल कोर्स मे 2022-23 सत्र पास छात्रों के बीच अंक प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस मौके पर कालेज के निर्देशक डॉ. कुमार मनीष, प्रिंसिपल डॉ. कमल प्रसाद, डॉ. प्रहस्थ कुमार, डॉ. अनुपम, डॉ. चंदन कुमार, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. विजय कुमार, डॉ. राजेंद्र कुमार, प्रसिद्ध समाज सेवी महेश अग्रवाल, रजनीश प्रियदर्शी, आलोक कुमार, कपड़ा बैंक से ज्योति राज गुप्ता, समाजसेवी रोटी बैंक संचालिका पूर्णिमा भारती, स्वच्छ रक्सौल से रंजीत सिंह, प्रो. अखिलेश दयाल, रंजीत रंजन आदि ने छात्रों मनोबल बढ़ाते हुए प्रोत्साहित किया और उन्हे सम्मानित किया।

# विद्यालय में हुआ दीक्षांत समारोह का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

आदापुर। प्रखंड स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय बसतपुर में शुक्रवार को परीक्षा परिणामोत्सव - सह-दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ प्रखंड की बीआरपी लक्ष्मी कुमारी अभिभावक रामबालक प्रसाद यादव, आकाश कुमार, प्रधान शिक्षक मनोज कुमार एवं वरीय शिक्षक मोहम्मद नुरूल होदा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए बीआरपी लक्ष्मी कुमारी ने कहा कि इस विद्यालय के शिक्षकों के परिश्रम एवं लग्न से इस विद्यालय के साथ साथ प्रखंड का भी नाम रौशन हुआ। प्रधान शिक्षक मनोज कुमार ने कहा कि आप सभी से जुदा होने का गम हमें भी है, परन्तु अपने बेहतर भविष्य निर्माण के लिए आपको सदैव आगे बढ़ते रहना है। वरीय शिक्षक मोहम्मद नुरूल होदा ने बच्चों को सफलता का मूल मंत्र बताया और कहा कि हमने जो आत्मविश्वास आपके अंदर भरा है और जो अनुशासन और संस्कार दिया है। वह आपको सफलता की ओर चलते रहने में सहायक होगा। जितेन्द्र ठाकुर ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए सदैव उचित प्रयास करते रहिए। इस अवसर पर विद्यालय के छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मनिषा कुमारी और निरपी कुमारी ने विदाई गीत मुबारक हो तुमको विदाई तुम्हारी, मगर दिल से न हो जुदाई तुम्हारी₹ प्रस्तुत किया। मुन्नी कुमारी और करिश्मा कुमारी द्वारा प्रस्तुत विदाई गीत₹ बस इतना ही संग था तुम्हारा हमारा₹ ने बच्चों और शिक्षकों को भावुक कर दिया। सभी बच्चों और शिक्षकों को खूब रूलाया। वर्ग 1 से 5 तक के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रगति पत्रक और पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर राम निवास प्रसाद यादव, चंदा देवी, गायत्री देवी, आकाश कुमार सहित अन्य अभिभावक सभी छात्र-छात्राएं और शिक्षक मौजूद रहे।

# आईकॉन मैथिली ठाकुर के द्वारा वोट करेगा गया हमारा, की गूंज के साथ दिया संदेश

प्रात : किरण संवाददाता




गया।आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 में प्रथम चरण का मतदान 19 को होना है। जिसमें गया जिला भी शामिल है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी , बिहार के सौजन्य से द्वारा प्रथम चरण के जिलों में स्टेट स्वीप आईकॉन मैथिली ठाकुर के द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए संस्कृतिक गतिविधि का आयोजन किया गया है। इसी क्रम में आज गुरुवार को स्टेट स्वीप आईकॉन मैथिली ठाकुर सुविख्यात लोक गायिका द्वारा महाबोधि संस्कृति केंद्र में सांस्कृतिक गतिविधि का आयोजन किया गया है ।स्वीप के तहत इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा मतदाता के रूप एन सी सी सदस्य , एन एस एससदस्य,भारत स्कॉउट एवं गाइड तथा विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र छात्राओं ने भाग लिया है। साथ ही इस अवसर पर महिला मतदातों की सहभागिता कार्यक्रम के आकर्षण का केन्द्र रहा है। राज्य स्वीप आइकॉन मैथिली ठाकुर ने सभी मतदाता से बढ़ चढ़कर मतदान प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है।ह्ववोट करेगा गया हमाराह्न की गूंज के साथ यह संदेश दिया कि हम अपने अधिकारों का सम्मान करें और मतदान जरूर करें। मैथिली ने अपने गीतों से शमां बाँध दिया और उपस्थित जन समुदाय को मतदान हेतु प्रेरित करने का पूरा प्रयास किया है।इस कार्यक्रम के शुभारंभ में मैथिली ठाकुर का स्वागत पौधा एवं स्वीप मोमेंटो के साथ, नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग द्वारा किया गया है।

# आईआईएम बोधगया ने आईआईटी पटना के साथ किये समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

प्रात : किरण संवाददाता

गया।आईआईएम बोधगया और आईआईटी पटना ने शिक्षा और रिसर्च में अपनी साझेदारी को मजबूत करने के लिए एक समझौता ज्ञापन एमओयू पर किए हस्ताक्षर ।समझौता ज्ञापन पर आईआईएम बोधगया की निदेशक डॉ. विनीता एस. सहाय और आईआईटी पटना निदेशक, डॉ. टी.एन. सिंह द्वारा हस्ताक्षर किए गए हैं। यह सहयोग संसद के अधिनियमों के तहत स्थापित दोनों संस्थानों के बीच एक रणनीतिक गठबंधन का प्रतीक है। बिहार में स्थित, आईआईएम बोधगया और आईआईटी पटना के स्थायी परिसर सहयोगात्मक पहल के लिए एक विशिष्ट अवसर प्रदान करते हैं। समझौता ज्ञापन सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों को रेखांकित करता है, जिसमें संयुक्त दोहरी डिग्री कार्यक्रम शामिल हैं, जिसका उद्देश्य तकनीकी और प्रबंधकीय कौशल को मिला कर छात्रों को विशेषज्ञता प्रदान करना है। इसके अलावा, समझौता ज्ञापन दोनों संस्थानों के फैकल्टी सदस्यों के बीच शैक्षणिक, रिसर्च और कंसल्टिंग सहयोग की सुविधा प्रदान करता है। इस सहयोग में रिसर्च सुविधाओं को साझा करना, संयुक्त रिसर्च प्रयासों को सक्षम करना और रिसर्च क्षमताओं को बढ़ाना भी शामिल है। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग भी एमओयू का एक प्रमुख फोकस है जिसके अंतर्गत दोनों संस्थान विनिमय कार्यक्रमों, रिसर्च साझेदारी और प्रकाशनों के लिए अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ जॉइंट वेंचर में शामिल होंगे। उद्योग की जरूरतों के अनुरूप एक्सेकुटिव शिक्षा कार्यक्रम और प्लेसमेंट गतिविधियों में सहयोगात्मक प्रयास भी इसी समझौते का एक हिस्सा है। यह एमओयू, पांच साल के लिए वैध है और उसके बाद बढ़ाया जा सकता है, जो एकेडमिक उत्कृष्टता के लिए दोनों संस्थानों की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालता है। एमओयू में कोई भी संशोधन आपसी समझ और सम्मान के सिद्धांतों पर जोर देते हुए आपसी समझौते के माध्यम से किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### शनि देव प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ को लेकर 24 घंटे का अखंड संकीर्तन कू साथ प्रारंभ

अरवल। जिले के ऐतिहासिक मधुश्रवां में नवनिर्मित शनिदेव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 24 घंटा अखंड संकीर्तन के साथ पांच दिवसीय कार्यक्रम का हुआ शुभारंभे कार्यक्रम के पहले दिन विधि विधान पूजा अर्चना के साथ 24 घंटे का अखंड संकीर्तन के साथ शुभारंभ किया गयो इस मौके पर मधुश्रवां शनि देव मंदिर के पुजारी अंकुश गिरी ने बताया कि शुक्रवार को 24 घंटे का अखंड संकीर्तन के साथ 5 दिन तक चलने वाली शनिदेव महाराज प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ के साथ आज शुभारंभ किया गया है, जो 5 दिन तक चलेगा उन्होंने बताया कि 13 को जलभरी यात्रा किया जाएगा ,14 को बेदी पूजन किया जाएगा ,15 को शनि देव प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा ,16 को पूणार्हुत के साथ भंडारा का आयोजन किया गया है इस मौके पर उन्होंने बताया कि 13 को रात्रि में कथावाचक 1008 श्री हरे राम जी महाराज के मुखारविंदु से प्रवचन का आयोजन किया जाएगो इस मौके पर मुख्य रूप से समाजसेवी विक्रम सिंह, अरुण यादव, भूतपूर्व सैनिक मनोज कुमार, पहलेजा पंचायत ढोलक वादक सत्येंद्र सिंह, राजू सिंह ,अवधेश नारायण सिंह सरदार के अलावे अनेकों लोग मौजूदे

### बंदोबस्त कार्यों का निष्पादन ठीक ढंग से करे राजस्व पदाधिकारी: डीएम

अरवल। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह की अध्यक्षता में बंदोबस्त कार्यालय से संबंधित कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान राजस्व पदाधिकारी को मुख्यालय में रहने हेतु निदेशित किया गया। बंदोबस्त से जुडे कार्यो को समय-सीमा के अंदर निष्पादित करने का निदेश दिया गया। कार्यों से जुडे प्रत्येक चरण को उचित प्रक्रिया के तहत अनुपालन करने हेतु निदेशित किया गया। इसके साथ ही पदाधिकारियों व कर्मियों को आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य को निष्पादित करने हेतु निदेशित किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी को निदेशित किया गया कि कार्य निष्पादन में अगर किसी प्रकार की दिक्कत / परेशानी होती हो तो वे बेझिझक होकर अपनी बातों को संबंधित पदाधिकारी एवं जिले के वरीय पदाधिकारियों के समक्ष रखेंगे ताकि उसका पूर्ण समाधान किया जा सके। जिससे कि कार्य का निष्पादन ठीक ढंग से एवं ससमय हो सके। इसके साथ ही भूमि सुधार उप समाहर्ता को समय-समय पर अपने स्तर से कार्यों की समीक्षा करने हेतु निदेशित किया गया। बैठक में भूमि सुधार उप समाहर्ता द्वारा बताया गया कि कुल 312 गाँवों में से 251 का खानापुरी कार्य किया जा चुका है, शेष बचे गाँवों में खानापुरी का कार्य किया जा रहा है। मौके पर भूमि सुधार उप समाहर्ता, बंदोबस्त शिविर प्रभारी, एएसओ एवं अमीनों के साथ अन्य उपस्थित रहे।

### मैथिली ठाकुर ने लोकसभा चुनाव में मतदाताओं से की अपील, अपना अपना वोट डाले

जमुई। जिले के शिल्पा विवाह भवन में शुक्रवार 12 अप्रैल को लोक गायिका मैथिली शरण ठाकुर ने अपने मधुर और सुरीली आवाज में लोगों को वोट डालने की अपील की और उन्होंने मौके पर सुपात्र वोटरों को वोट देने के लिए शपथ भी दिलाया। उन्होंने कहा है कि इससे पहले मैं 3 लोकसभाओं में औरंगाबाद, गया, नवादा क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हो चुकीं हुँ। मैंने बहुत सारे गीत भी सुनाए और लोगों को बार-बार मतदान करने के लिए जागरूक भी किया है। लोगों के साथ सेल्फी पॉइंट तस्वीरें भी खिंचाई है, जो काफी अच्छी लगी। उन्होंने बताया कि मैं 4 साल की उम्र से सुरों का सफर शुरू किया। संगीत की शिक्षा किसने सिखाई और कहां से मिली । इस पर मैथिली शरण ठाकुर ने बताया कि सारी शिक्षा घर से मिली है। मेरे दादा जी से इसकी शुरूआत हुई। उनसे इनफॉर्मली सीखा। बात-बात में गाना गुनगुनाना उन्हीं से सीखा है।

# नहाए खाय के साथ चैती छठ महापर्व हुआ आरंभ

● 36 घंटे का शुरू हुआ निर्जला व्रत



प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। जिले के विभिन्न घाटों पर चार दिवसीय आस्था के महापर्व चैती छठ नहाए खाय के साथ शुरू हो गया। वही इस व्रत को लेकर चैत्र छठव्रतियों का 13 अप्रैल शनिवार को खरना और 14 अप्रैल रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य के साथ 15 अप्रैल सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा और पारण पूजा अर्चना के साथ छठ महापर्व संपन्न होगा। छठ व्रत को लेकर पंडित प्रहलाद झा ने बताया कि चैत्र माह के महापर्व छठ में नहाय-खाय व खरना का व्रत का विशेष महत्व है, शुक्रवार को नहाए खाए का अनुष्ठान है, वही पंडित सोनू झा ने बताया कि सनातन धर्म में चैत्र छठ का विशेष महत्व है, साल में दो बार छठ का महापर्व पूरी नियम निष्ठा के साथ मनाया जाता है, ज्ञात हो कि पहला चैत्र मास में और दूसरे कार्तिक मास में हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की षष्टि तिथि को छठ महापर्व मनाने की मान्यता है, जबकि कार्तिक मास की छठ महापर्व का विशेष रूप से देश दुनिया के लोगों के बीच अधिक महत्व माना गया है। वही जिले के विभिन्न गंगा घाटों पर चैत्र छठ महापर्व के उपलक्ष पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने की संभावना को देखते हुए राहत व बचाव कार्य हेतु जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न छठ घाटों पर गोताखोर एवं आपदा मित्र की प्रतिनियुक्ति की गई है।

## ऋषि कुण्ड मुख्यमार्ग पर मोटरसाईकिल पलटी तीन लोग जख्मी

बरियारपुर ( मुंगेर )। ऋषि कुण्ड-रतनपुर मुख्यमार्ग पर मोटरसाईकिल दुर्घटना ग्रस्त होने से चालक सहित तीन लोग घायल हो गया। स्थानीय लोगो के सहयोग से घायल इलाज के लिये प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। घायलों के गंभीर स्थिति को देख कार्यरत चिकित्सा पदाधिकारी ने बैहतर ईलाज के लिये हायर सेन्टर भेजा दिया । घायलों में 20 वर्षीय आदित्य कुमार, बिरसपती कुमार व विकाश कुमार शामिल है सभी बरियारपुर थाना क्षेत्र के गांधी पुर के मूल निवासी बताया गया है। घटना के सम्बन्ध पीड़ित ने बताया कि शाम काल दो बजे लगभग ऋषि कुण्ड घुमने के ख्याल से मोटर साइकिल पर सवार गर्म जल के झरना में लुत्फ उठाने के लिए मोटर साइकिल पर निकला था। जाने के क्रम ऋषि कुण्ड पहुंचे तीनो दोस्तो ने जमकर लुत्फ उठाया। वापसी के क्रम मे अपने आप मस्ती मे चलना प्रारम्भ किया। वाइक का संतुलन खोने से यह हादसा हुआ

# सीआईएसएफ के शहीद जवान अशोक कुमार को बटालियन के जवानो ने अर्पित किया श्रद्धा सुमन

प्रात: किरण संवाददाता



मुंगेर । नया रामनगर थाना क्षेत्र के गढ़ी रामपुर गांव निवासी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के शहीद जवान अशोक कुमार की शहादत दिवस के अवसर पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल असम नॉर्थ के जवानों द्वारा उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया शहीद जवान अशोक कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए पाटम पूर्वी पंचायत के अधीन उत्क्रमित मध्य विद्यालय गढ़ीरामपुर के प्रांगण में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 21 बटालियन असम नॉर्थ के उप निरीक्षक जीडी घेनी लाल के नेतृत्व में बटालियन की टीम पहुँचकर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर तथा श्रद्धांजलि अर्पित किया। बटालियन की चार सदस्य टीम शहीद जवान के गांव बटालियन की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए शुक्रवार को पहुंची और शहीद जवान और श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान बटालियन के जवानों तथा परिजनों सहित आसपास के ग्रामीणों की आंखें नमः दिखी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप निरीक्षक जीडी घेनी लाल ने कहा कि शहादत कि यह घटना 12 अप्रैल 1996 की है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 21 बटालियन असम नॉर्थ लखीमपुर इलाके में तैनाती। कंपनी को उग्रवादियों के ठिकाने के बारे में सूचना मिली थी। सूचना पर कंपनी के जवान उग्रवादियों को दबोचने के लिए जब पहुँचे तो उग्रवादियों ने जवानों पर फायरिंग कर दी । दोनों ओर से मुठभेड़ में गोलियां चली, जिसमें कंपनी के जवान अशोक कुमार शहीद हो गए थे । उन्होंने कहा कि शहीद जवान अशोक कुमार की शहादत को हमेशा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल याद रखेगी और उन्हें शारदा सुमन अर्पित करते रहेगी। मौके पर कंपनी के हवलदार दूधनाथ यादव, सिपाही अनीश कुमार, राजीव रंजन, शहीद जवान के परिजन भोला प्रसाद सिंह, नवीन कुमार, राजीव चौधरी, राजेश कुमार, चुन्नू सिंह, रंजन चौधरी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनीत कुमार, प्रधानाचार्य दीपक कुमार , शिक्षक अमित कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

# पूर्व पार्षद को पत्नी व बेटे ने पीट पीट कर किया लहू लूहान, हालत गम्भीर

प्रात: किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)। सुल्तानगंज थाना क्षेत्र आदर्श नगर कोलनी के एक बुजुर्ग को उसके अपने ही बेटे और उसकी पत्नी ने मिलकर जान से मारने की कोशीश किये जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बुजुर्ग के साथ मारपीट करने का साफ तौर पर घर के सीसीटीवी कैमरे में घटना की पूरी वारदात का फुटेज में कैद हो गया है। वही घटना को लेकर पूर्व पार्षद सुभाष पोद्दार ने कहा है कि मेरी पत्नी राधा देवी व बेटा आत्मवर्धन ने पीटकर लहू लुहान कर गम्भीर रूप से घायल व जख्मी कर दिया है। वही सुभाष पोद्दार का कहना हुआ कि मेरी पत्नी का मेरे भांजा के साथ अवैध संबंध के विरोध करने पर राधा देवी व उनका बेटा ने एक साथ मिलकर घर के एक कमरे में पीट पीट कर अधमरा कर दिया। वही घायल सुभाष पोद्दार को नजदीकी रेफरल अस्पताल सुल्तानगंज में जख्मी व गम्भीर हालत में त्वरित इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद घायल सुभाष पोद्दार की हालत नाजुक बताते हुए उसे डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया है। जहां चिकित्सकों द्वारा भर्ती प्रक्रिया के साथ इलाज किया जा रहा है। वही घटना को लेकर स्थानीय थाना पुलिस को सूचना मिलते ही मामले की जांच में जुट गई हैं।

# रामनवमी के मौके पर निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा: अध्यक्ष

प्रात: किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस जिला परिक्षेत्र में आगामी 18 अप्रैल को रामनवमी के मौके पर धूमधाम से शोभायात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम को लेकर रुद्र सेना संगठन बिहपुर के द्वारा शोभायात्रा की तैयारी लगभग पूरी हो चूकी हैं। उक्त आशय की जानकारी को लेकर संगठन के अध्यक्ष बिट्टू चौधरी ने बताया कि कन्या प्लस टू हाईस्कूल मैदान प्रांगण से रामनवमी के मौके पर आगामी 18 अप्रैल को भव्य शोभायात्रा यात्रा निकाली जाएगी। जो सोनवर्षा गांव के 14 नम्बर सड़क मार्ग होते हुए मड़वा बाबा ब्रजलेश्वरनाथ धाम मंदिर से होते हुए मड़वा मार्ग के रास्ते से जमालपुर बिहपुर, मिल्की, बभनगामा, गौरीपुर, लत्तीपुर होते हुए पुणः बड़ी भगवती स्थान सोनवर्षा मैदान प्रांगण में पहुंच कर समाप्त होगी। वहीं उन्होंने कहा कि संगठन के द्वारा लगातार क्षेत्र वासियों के सहयोग से शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को शामिल हो, इसके लिए रामनवमी के मौके पर आयोजित शोभायात्रा में भाग लेने के साथ सफल बनाने हेतू अपील की हैं।

## डेरनी में महिला ने की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

दरियापुर। डेरनी थाना क्षेत्र के पट्टीशीतल गांव में एक महिला ने पंखा से झूलकर आत्महत्या कर ली। मृतका अभिनंदन कुमार की 25 वर्षीया पत्नी पूजा कुमारी बताई जाती है। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर में भेलदी थाना क्षेत्र के जलालपुर निवासी मृतका के भाई ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। जिसके उपरांत पुलिस द्वारा त्वरित कारवाई करते हुए एक तरफ जहां शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया, वहीं दूसरी तरफ मृतका के पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गई। जिसमे उसने मृतका को जिद्दी स्वभाव का बताते हुए कहा की घर में छोटी छोटी बातो को लेकर बकझक हुई जिसके बाद पूरे परिवार को खाना खिलाने के उपरांत कमरे में आत्महत्या कर ली। वहीं मृतका के भाई ने दहेज के लिए बहन की हत्या करने की बात बताई है।

# शांति, सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाई गई ईद

प्रात: किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रखंड क्षेत्रों में गुरुवार को ईद का त्यौहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। बिहपुर प्रखंड के सभी मस्जिदों में 8:30 से 9:30 बजे के बीच ईद की नमाज पढ़ी गई। बिहपुर के ऐतिहासिक ईदगाह के मैदान में दिन के 9:00 बजे ईद की नवाज पढ़ी गई। लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। मौके पर घरों में सेवेई, मिठाई खिलाकर पर्व में मिठास भी बढ़ा दिया। वहीं बिहपुर बीडीओ सत्यनारायण पंडित, अंचलअधिकारी लवकुश कुमार, बिहपुर थाना अध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर व झंडापुर थाना अध्यक्ष मनोज कुमार ने भी लोगों को ईद की बधाई दी। इधर बिहपुर खानका में हर साल की तरह इस साल भी ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया मौके पर बिहपुर खानका ए आलिया फरिदिया मोहब्बतिया के सज्जादानशी हजरत अली कौनैन खॉ फरीदी एवं नायव सज्जादानशीं हजरत मौलाना अली शब्बर खॉ फरीदी ने कहा कि ईद का त्योहार एकता भाई चारे का पैगाम देता है। ईद की नमाज से खुदा अपने बंदों को इमान की राह पर चलने की ताकत देता है। वहीं जमालपुर मस्जिद सहित ईदगाह के मैदान पर पूर्व सरपंच राधाकृष्ण सिंह, अलख निरंजन पासवान, जिप सदस्य मोइन राइन, मुखिया मनोज लाल, रविंद्र यादव, उपप्रमुख एनामुल हक, पंसस अमन आनंद, हजरत मौलाना अबूसालेह फरीदी, करार खॉ, हजरत फैजान फरीदी, रहबर खॉ, रहनुमा खॉ, हाफिज काडी तारीक अनवर, गुलाम पंजतन, जामिद खॉ, मेहरबान फरीदी, बबलू आलम, सददाम, गुफरान आदि ने भी लोगों को ईद की मुबारकबाद दी।

# मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने को लेकर अनेक कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर । लोक सभा आम निर्वाचन को लेकर मतदान प्रतिशत बाढ़ाने , मतदाताओं में मतदान हेतु जागरूकता फैलाने आदि कार्यक्रमों का आयोजन जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह के नेतृत्व में लगातार स्वीप गतिविधि के तहत कराया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में शुक्रवार को स्वीप गतिविधि के तहत 166 जमालपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत मतदान केन्द्र संख्या 111 उच्च विद्यालय फरदा (पूर्वी भाग) एवं मतदान केन्द्र संख्या 111 (क) उच्च विद्यालय फरदा (पश्चिमी भाग) में रोड शो का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वीप आईकॉन श्रीजा सेन गुप्ता, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी जमालपुर,



स्वीप के नोडल पदाधिकारी, दोनों विद्यालय के शिक्षक, छात्र छात्राओं सहित अन्य उपस्थित थे। रोड शो के माध्यम से मतदाताओं में मतदान की महत्ता तथा मतदान करने के लिए जागरूकता संबंधी नारे लगाए गए। साथ ही रंगोली के माध्यम से भी मतदान के प्रति जागरूकता हेतु संदेश दिया गया। रोड शो में सभी मौजूद पदाधिकारियों एवं छात्र छात्राओं द्वारा संबंधित मतदान केंद्र के समूचे क्षेत्र का भ्रमण कर आम मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा मतदान के लिए शपथ भी दिलाया गया। ज्ञातव्य हो कि स्वीप गतिविधि के तहत जिले भर में लगातार विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। विगत लोक सभा निर्वाचन में जिन जिन क्षेत्रों अथवा बूथों पर कम मतदान हुए थे, वहां मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला स्तर से लेकर प्रखंड स्तर तक के पदाधिकारियों द्वारा लगातार भ्रमण कर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

# ट्रेन से कटकर घायल व्यक्ति की सदर अस्पताल में सल्लू खान ने की मदद

प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबाद : सदर अस्पताल में समाजसेवी सल्लू खान ने इंसानियत का परिचय दिया है। सच ही कहा है कि यदि समय पर किसी घायल को मदद मिल जाए तो उसे जीवन दान मिल सकता है। उसे जीवन दान मिल सकता है। गुरुवार की रात्रि दो बजे रेलवे दुर्घटना में अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर देखने को मिला। बारुण थाना क्षेत्र के धनाई गांव का कृष्णा पासवान का पुत्र कमलेश पासवान घायल हो गया। जंक्शन से अनुग्रह नारायण नारायण रोड पलामू एक्सप्रेस सिंगरौली जाने वाली ट्रेन अनुग्रह रेलवे स्टेशन पर उतरते समय किसी पीछे से युवक ने धक्का दे दिया जो चलती ट्रेन में कमलेश पासवान का पांच उंगलियां कटी। साथ ही सिर में चोट और पैर में गंभीर रूप से चोट पाई गई। इलाज सदर अस्पताल में मरीज को भेजा गया। इलाज के लिए अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन के रेलवे कर्मी द्वारा सदर अस्पताल में लाया गया। घायल जैसे ही अस्पताल पहुंचा पैगाम ए इंसानियत मुस्लिम समुदाय सह समाजसेवी मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान को सदर अस्पताल पहुंचे। सल्लू खान सोने जा रहे थे क्योंकि सुबह में ईद की नमाज अदा करनी थी मगर इसी बीच में इंसानियत का परिचय देते हुए वह फोन के सूचना के बाद सदर अस्पताल निकल गए। घायल मरीज को पहुंचने का इंतजार किया तब तक जैसे ही मरीज पहुंचा तो सदर अस्पताल के चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी बेहतर इलाज देने के लिए लग गए सदर अस्पताल की चिकित्सक ने उसे दर्द और कई दवाइयां कुछ बाहर से लिखी जो की रात्रि में सारा मेडिकल बंद था, बावजूद पैगाम ए इंसानियत के जिलाध्यक्ष सल्लू खान ने परिचय देते हुए रात में 2:30 बजे मेडिकल खुलवाकर अपने निजी राशि से दवाइयां लाकर मरीज को कमलेश पासवान को खिलाया और फिर उसे गया भेजने के लिए मगध मेडिकल कालेज के लिए एंबुलेंस उपलब्ध भी कराया। साथ-साथ उसे आर्थिक रूप से सहयोग करने के लिए भी कहा कुछ ऐसी दवाइयां थी जो नहीं रहने के कारण मरीज को जान की खतरा बनी थी नहीं तो मिलने पर वह दवाई या गया जाना पड़ता है।

# जनवरी से दिसंबर 2023 के दौरान जिले भर में कुल 5300 महिलाओं का बंध्याकरण और 140 पुरुषों का हुआ नसबंदी

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर, 12 अप्रैल 2024 : जनवरी से दिसंबर 2023 के एक वर्ष के दौरान जिले भर में कुल 5300 महिलाओं का बंध्याकरण और 140 पुरुषों का नसबंदी हुआ है। इस आशय कि जानकारी जिला स्वास्थ्य समिति मुंगेर के जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) मो. फैजान आलम अशरफी ने दी। उन्होंने बताया कि जिला भर में असरगंज में 462, बरियारपुर में 321, धरहरा में 584, जमालपुर में 514, हवेली खड़गपुर में 1061, संग्रामपुर में 452, तारापुर में 567, टेटिया बंबर में 270, मुंगेर शहरी क्षेत्र में 603 और मुंगेर ग्रामीण क्षेत्र में कुल 466 महिलाओं का बंध्याकरण किया गया। इसी प्रकार से असरगंज में 4, बरियारपुर में 4, धरहरा में 3, जमालपुर में 25, हवेली खड़गपुर में 58, संग्रामपुर में 8, तारापुर में 16, टेटिया बंबर में 13, मुंगेर शहरी क्षेत्र में 2 और मुंगेर ग्रामीण क्षेत्र में 7 पुरुषों का नसबंदी हुआ है। उन्होंने बताया कि जिला भर में 6,242 महिलाओं के बंध्याकरण के लक्ष्य के विरुद्ध कुल 5300 महिलाओं का बंध्याकरण हुआ है वहीं 138 पुरुषों के नसबंदी के लक्ष्य के विरुद्ध कुल 140 पुरुषों का नसबंदी हुआ है। जिला स्वास्थ्य समिति के जिला सामुदायिक उत्प्रेरक (डीसीएम ) निखिल राज ने बताया कि निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध महिला बंध्याकरण करवाने के मामले में जिला भर में असरगंज प्रखंड में सर्वाधिक 341 के निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 462 महिलाओं का बंध्याकरण हुआ है। यहां का कुल अचीवमेंट प्रतिशत 135% है। वहीं पुरुष नसबंदी के मामले में हवेली खड़गपुर में सर्वाधिक 22 के लक्ष्य के विरुद्ध 58 पुरुषों का नसबंदी हुआ है।

# जनता दरबार में भूमि विवाद आवास योजना जमाबंदी रसीद अतिक्रमण मामले पहुंचे

प्रात: किरण संवाददाता

अरवल। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में 19 परिवादियों के फरियाद को सुना गया। परिवादियों द्वारा भूमि विवाद, आवास योजना, जमाबंदी रसीद, अतिक्रमण, अनियमितता, नाली गली, बंदोवस्त, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आपदा विभाग एवं अन्य विभागों से संबंधित मामले थे। फरियादियों के आवेदन के शीघ्र निष्पादन हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिये गये। करपी प्रखण्ड स्थित ग्राम अंगारी निवासी डोमनी देवी द्वारा बताया गया कि मैं गरीब परिवार से हूँ। मेरा मकान क्षतिग्रस्त है एवं आवास की सख्त जरूरत है। मेरा नाम प्रतीक्षा सूची में आने के बाद भी मुझे आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। मुझे आवास योजना के तहत आवास दिलवाने की कृपा की जाय। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी करपी को नियमानुसार निष्पादन हेतु निदेश दिया गया। करपी प्रखण्ड स्थित ग्राम बुधु बिगहा निवासी श्याम बिहारी सिंह द्वारा बताया गया कि मेरे ही गाँव के जितन राम व अन्य परिवार के लोगों द्वारा आम रास्ते को अतिक्रमित कर लिया गया है। जिससे आने-जाने में काफी दिक्कत हो रही है। रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करवाने की कृपा की जाय। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा अंचलाधिकारी एवं प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी करपी को नियमानुसार जाँच करते हुए निष्पादन करने हेतु निदेशित किया गया। रामपुर चौरम थाना स्थित ग्राम निसरपुर सरवर निवासी शैलेन्द्र कुमार द्वारा बताया गया कि मैंने अंचलाधिकारी कार्यालय अरवल में जमीन मापी से संबंधित आवेदन फरवरी 2024 में दिया था पर अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जमीन मापी करवाने की कृपा की जाय।

# ज्योतिबा फुले का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर । ऑल इंडिया एस.सी. & एस.टी .रेलवे एम्पलाइज एसोसिएशन शाखा जमालपुर (का.) द्वारा कारखाना गेट संख्या 6 पर स्थित एसोसिएशन कार्यालय में महात्मा ज्योतिबा फुले का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम महात्मा फुले के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कार्यक्रम की शुरूआत किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष मुनेश्वर टुडू ने की। इस मौके पर समारोह को संबोधित करते हुए एसोसिएशन के पितामह शिवलाल रजक ने कहा कि महात्मा ज्योतिराव गोविन्दराव फुले एक भारतीय समाज सुधारक, विचारक ,समाज सेवी ,लेखक ,दार्शनिक तथा क्रांतिकारी कार्यकर्ता थे। इन्हें महात्मा फुले एवं ज्योतिबा फुले के नाम से भी जाना जाता है । एसोसिएशन के सचिव सतीश भारती ने कहा कि ज्योतिबा फुले का मुख्य उद्देश्य स्त्रियों को शिक्षा का अधिकार प्रदान करना ,बाल विवाह का विरोध, विधवा विवाह का समर्थन करना रहा




है। इन्होंने अपना संपूर्ण जीवन स्त्रियों की शिक्षा प्रदान करने में ,स्त्रियों को उनको अधिकारों का प्रति जागरूक करने में, समाज को कुप्रथा एवं अंधश्रद्धा की जाल से मुक्त कराने हेतु व्यतीत किया। आज उनके आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत है। इस अवसर पर राम रतन सिंह मुंडा,महेंद्र कुमार ,राकेश कुमार ,प्रमोद कुमार दास, पुरन रजक, शिव सागर सोरेन, जी. राजू,राम प्रवेश, विजय रत्नाकर ,रामचंद्र पासवान एवं अन्य उपस्थित थे।

## रेल परिक्षेत्र में पार्किंग करने वाले 14 वाहन का कटा चलान

बनकटवा पु च,घोड़ासहन रेल क्षेत्र से लगातार हो रहे मोटरसाइकिल चोरी की घटना को लेकर रेल पुलिस ने रेल परिक्षेत्र में अवैध रूप से वाहन खड़ा करने वाले लोगों से रेल पुलिस ने जुमार्ना वसूल किया है.स्थनीय जीआरपी एवं आरपीएफ के द्वारा संयुक्त करवाई में करीब 14 वाहनों का चलान काटा गया है. सभी वाहन रेल क्षेत्र में नो पर्किंग जोन में खड़ा किया गया था. आरपीएफ पोस्ट प्रभारी अजित सिंह ने बताया कि सभी वाहनों से जुमार्ना वसूल कर छोड़ दिया गया है.वही दुसरी ओर उन्होंने बताया कि बिना लाइसेंस बेच रहे दो व्यक्ति समेत दो यात्रीयों को भी महिला एवं दिव्यांग बोगी में यात्रा करने के दौरान पकड़ा गया.बताया कि सभी को रेलवे कोर्ट बेतिया को अग्रिम कारवाई को लेकर अग्रसारित किया गया है.

# जो मिले हुए भगवान से परिचय करा दे, वही गुरु हैं: स्वामी विनोदानन्द

प्रात: किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस जिला परिक्षेत्र स्थित घाट ठाकुरवाड़ी में चल रहे नौ दिवसीय श्री रामचरित्र मानस नवाह पारायण यज्ञ एवं श्रीराम कथा की अमृत वर्षा का 49वां वार्षिकोत्सव के आयोजन को लेकर प्रयागराज से आए स्वामी विनोदानंद सरस्वती ने अपने प्रवचन में कहा कि जो मिले हुए भगवान से परिचय करा दे वही गुरु हैं, जो भी हम लोग खाते हैं, पहनते हैं उसे भगवान को अर्पित करके ग्रहण करते हैं और उसे ही भक्ति कहते हैं। जिस धरा पर विशाल यज्ञ हुआ हो उसे प्रयागराज कहते हैं, जो भगवान के चरणों में रहेगा वह हरा भरा रहेगा और जो सर पर रहेगा, वह हमेशा सुखी रहेगा। बताते चलें कि राम कथा रात्रि 7:00 बजे से 10:00 बजे तक आगामी 16 अप्रैल तक चलेगी। इस रामकथा कार्यक्रम में नवगछिया के अलावा कटिहार, पूर्णिया, दरभंगा फारबिसगंज, जोगबनी एवं नेपाल से भी आ रहे राम भक्त रामकथा के आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजक



समिति के अध्यक्ष दिनेश सरार्फ, उपाध्यक्ष बनवारी लाल पंसारी, सचिव शिवनारायण जयसवाल, कोषाध्यक्ष शरवन केडिया, मिडिया प्रभारी अशोक केडिया, विनीत खेमका, विशाल चिरानिया, किशन यादुका, संतोष भगत, प्रवीण भगत, बिनोद चिरानियाँ, राजेश भगत, अरुण यादुका, कैलाश चिरानियाँ, शंकरलाल चिरानियाँ, अवधेश गुप्ता, अनिल भगत, अनिल चिरानियाँ, रोहित मावन्डिया, अरुण मावन्डिया, श्री धर शर्मा, बिनीत चिरानियाँ, सन्तोष यादुका, अजय भगत सहित दर्जनों ग्रामीण लगे हुए थे।

